# St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

## 3rd Term - 2019

**Sub**: **Hindi Grammar** **Class**: 3B **F.M**: 75

**Duration**: **2 hrs.** **Date**: 26.11.2019

सफाई से काम करो |अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

(खंड क)

1) विलोम शब्द :- (1x5=5)

बल , आदर , उचित , इच्छा , उपयोगी

2) निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो :- (1x5=5)

धरती , हवा , रात , भगवान, माँ

3) निम्न वाक्यों में संज्ञा शब्द लिखो :- (1x5=5)

क) एक राजा का नाम -

ख) एक शहर का नाम -

ग) एक नदी का नाम -

घ) एक जंगली जानवर का नाम –

ङ) एक पहाड़ का नाम -

4) निम्न शब्दों के लिए उचित विशेषण शब्द लिखो :- (1x5=5)

क) पेंसिल ग) घोड़ा ड.) फूल

ख) दूधं घ) लड़की

(खंड ख)

1) विशेषण शब्दों को रेखांकित करो :- (3)

क) मेरे पास दो मीटर रिबन है|

ख) मेरी माँ ने हरी साड़ी खरीदी|

ग) दो. किलो चीनी लाओ|

2) विशेषण और विशेष्य छाँटकर नीचे लिखो :- (3)

क) सफ़ेद घोड़ा दौड़ रहा है|

ख) मैं चार आम खाऊँगा |

ग) थैले में कुछ संतरे हैं |

3) उचित क्रिया शब्द से खाली जगह भरो :- (3)

क) राम किताब ___________रहा है | (पढ़ , सुन )

ख) कोयल पेड़ पर ____________ है | (कूकती , नाचती )

ग) सड़क पर गाड़ियाँ ____________ हैं | (उड़ती , चलती )

4) वाक्य सही करके लिखो :- (4)

क) विशेषण केवल सर्वनाम की विशेषता बताता है |

ख) क्रिया का मूल रूप संयुक्त क्रिया कहलाता है |

ग) वाक्य में प्रयोग करने पर क्रिया का रूप नहीं बदलता |

घ) लिंग के चार भेद हैं |

5) निम्न संज्ञा शब्दों से वाक्य बनाओ :- (4)

क) पहाड़ ख) मैदान ग) कोलकाता घ) किताब

6) अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करो :- (4)

क) मेरे माताजी आए हैं |

ख) मैं दवा पिया था |

ग) तुम तुम्हारे घर चले जाओ |

घ) मेरा तो प्राण निकल गया |

7) निम्न विशेषण शब्दों से वाक्य बनाओ :- (4)

क) बहादुर ग) विशाल

ख) मेहनती घ) कंजूस

(खंड ग)

1) रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखो :- (5)

क) <u>धोबी</u> मैले कपड़े धोता है |

ख) <u>बंदर</u> और <u>तोता</u> पेड़ पर बैठे हैं |

ग) <u>हाथी</u> मस्त चाल चलता है |

घ) <u>लेखक</u> ने अच्छी कहानी लिखी |

2) निम्न क्रिया शब्दों से वाक्य बनाओ :- (5)

पढ़ना , गाना , लिखना , हँसना , बैठना

3) वाक्यों को सही क्रम में लिखो :- (5)

क) नीले रंग का मेरा है कोट |

ख) गाया गाना राज ने सुंदर |

ग) पढ़ती है किताब रमा एक |

घ) पी चाय कल मैंने |

ङ) जन्मदिन अपना मैंने मनाया |

4) नीचे दिए शब्दों के आधार पर एक कहानी लिखो :- (5)

कछुआ , खरगोश , मित्र , दौड़ , प्रतियोगिता , तेजी से , सो गया , धीरे - धीरे , पहुँच गया , घमंड |

5) <u>अनुच्छेद लेखन</u> :- (5)

मेरा प्यारा देश

6) <u>अपठित गद्यांश</u>

महात्मा गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ था | उनके पिता राजकोट के दीवान थे | शिक्षा पूरी करने के बाद उन्हें बैरिस्टरी की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड भेजा गया | वे कई बार जेल गए | 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी | उन्हें सब बापू कहते थे | उनके प्रयास से हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आज़ाद हुआ |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

क) महात्मा गाँधी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ? (1)

ख) वे इंग्लैंड क्यों गए ? (1)

ग) उनकी हत्या किसने की थी ? (1)

घ) अनुच्छेद में से दो संज्ञा शब्द लिखो :- (1)

ङ) वाक्य बनाओ :- (1)

आज़ाद -

# St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

## 3rd Term Answers - 2019

**Sub: Hindi Grammar** **Class:** 3B **F.M:** 75

**Duration: 2 hrs.** **Date:** 26.11.2019

सफाई से काम करो |अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

(खंड क)

1) विलोम शब्द :- (1x5=5)

निर्बल , अनादर , अनुचित , अनिच्छा , अनुपयोगी

2) निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो :- (1x5=5)

पृथ्वी , धरा प्रभु , ईश्वर

वायु , पवन माता , जननी

रात्रि , रजनी

3) निम्न वाक्यों में संज्ञा शब्द लिखो :- (1x5=5)

क) राजा अशोक

ख) आगरा

ग) गंगा नदी

घ) शेर

ङ) हिमालय

4) निम्न शब्दों के लिए उचित विशेषण शब्द लिखो :- (1x5=5)

क) लंबी पेंसिल ग) सफेद घोड़ा ङ.) लाल फूल

ख) ताज़ा दूध घ) सुंदर लड़की

(खंड ख)

1) विशेषण शब्दों को रेखांकित करो :- (3)

क) मेरे पास दो मीटर रिबन है |

ख) मेरी माँ ने हरी साड़ी खरीदी |

ग) दो किलो चीनी लाओ |

2) विशेषण और विशेष्य छाँटकर नीचे लिखो :- (3)

क) सफ़ेद घोड़ा

सफ़ेद - विशेषण

घोड़ा - विशेष्य

ख) चार आम

चार - विशेषण

आम - विशेष्य

ग) कुछ संतरे

कुछ - विशेषण

संतरे - विशेष्य

3) उचित क्रिया शब्द से खाली जगह भरो :- (3)

क) राम किताब <u>पढ़</u> रहा है | (पढ़ , सुन )

ख) कोयल पेड़ पर <u>कूकती</u> है | (कूकती , नाचती )

ग) सड़क पर गाड़ियाँ <u>चलती</u> हैं | (उड़ती , चलती )

4) वाक्य सही करके लिखो :- (4)

क) विशेषण संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताता है |

ख) क्रिया का मूल रूप धातु कहलाता है |

ग) वाक्य में प्रयोग करने पर क्रिया का रूप बदल जाता है |

घ) लिंग के दो भेद हैं |

5) निम्न संज्ञा शब्दों से वाक्य बनाओ :- (4)

क) पहाड़ - <u>पहाड़</u> बहुत ऊँचा है |

ख) मैदान - <u>मैदान</u> में बच्चे खेलते हैं |

ग) कोलकाता - <u>कोलकाता</u> के रसगुल्ले प्रसिद्ध हैं |

घ) किताब - मेरे पास कहानी की <u>किताब</u> है |

6) अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करो :- (4)

क) मेरी माताजी आई हैं |

ख) मैंने दवा पी थी |

ग) तुम अपने घर चले जाओ |

घ) मेरे तो प्राण निकल गए |

7) निम्न विशेषण शब्दों से वाक्य बनाओ :- (4)

क) बहादुर - मैं बहुत बहादुर लड़का हूँ |

ख) मेहनती - मजदूर बहुत मेहनती होते हैं |

ग) विशाल - बरगद का पेड़ विशाल होता है |

घ) कंजूस - कंजूस आदमी कभी खुश नहीं रहता |

(खंड ग)

1) रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखो :- (5)

क) धोबिन मैले कपड़े धोती है |

ख) बंदरिया और तोती पेड़ पर बैठे हैं |

ग) हथिनी मस्त चाल चलती है |

घ) लेखिका ने अच्छी कहानी लिखी |

2) निम्न क्रिया शब्दों से वाक्य बनाओ :- (5)

क) पढ़ना - हमें समय पर पढ़ना चाहिए |

ख) गाना - राधा ने मधुर गाना गाया |

ग) लिखना - हमें सुंदर शब्द लिखना चाहिए |

घ) हँसना - हँसना सेहत के लिए अच्छा होता है |

ङ) बैठना - हमें सही तरह से बैठना चाहिए |

3) वाक्यों को सही क्रम में लिखो :- (5)

क) मेरा कोट नीले रंग का है |

ख) राज ने सुंदर गाना गाया |

ग) रमा एक किताब पढ़ती है |

घ) मैंने कल चाय पी |

ङ) मैंने अपना जन्मदिन मनाया |

4) नीचे दिए शब्दों के आधार पर एक कहानी लिखो :- (5)

एक कछुआ और खरगोश मित्र थे | खरगोश को अपनी चाल पर बहुत घमंड था |एक दिन दोनों में दौड़ की प्रतियोगिता हुई |खरगोश तेज़ी से पेड़ तक पहुँच गया और सो गया | कछुआ धीरे - धीरे उससे पहले पेड़ तक पहुँच गया और जीत गया |

शिक्षा - हमें कभी अपने ऊपर घमंड नहीं करना चाहिए |

5) <u>अनुच्छेद लेखन</u> :- (5)

मेरा प्यारा देश

मेरे प्यारे देश का नाम भारतवर्ष है | यहाँ कहीं पहाड़ ,कहीं मैदान और कहीं घाटियाँ हैं | यहाँ हर धर्म के लोग रहते हैं |

मेरा देश बहुत सुंदर है | यहाँ अनेक धर्म , भाषा , रेहन - सेहन होते हुए भी एकता के दर्शन होते हैं | मुझे अपने देश पर गर्व है , क्योंकि हमारा देश बहुत विकास कर रहा है |

6) <u>अपठित गद्यांश</u>

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

क) महात्मा गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ था | (1)

ख) वे वकालत पढ़ने के लिए इंग्लैंड गए थे | (1)

ग) उनकी हत्या नाथूराम गोडसे ने की थी | (1)

घ) दो संज्ञा शब्द हैं :- गुजरात , इंग्लैंड (1)

ङ) वाक्य बनाओ :- (1)

आज़ाद - हमारे विचार आज़ाद होने चाहिए |